भोले की बारात | by Vicky Sandhu

भोले और गौरा की जोड़ी लगती खूब कमाल
दूल्हा बने हैं भोले बाबा बजे शहनाई ताल
चले मेरे शिव भोले हो नंदी पे असवार
बिहाने गोरा को चले नंदी पे असवार
चले मेरे शिव भोले हो नंदी पे असवार

आगे चलते ब्रह्मा विष्णु बीच में शिव भंडारी
पीछे चलती भूतों के टोली ये अजब न्यारी
भांग धतूरा पीते ये तो करते बहुत धमाल
चले मेरे शिव भोले हो नंदी पे असवार
बिहाने गोरा को चले नंदी पे असवार
चले मेरे शिव भोले हो नंदी पे असवार

शुक्र शनिश्चर शंख बजाये नारद वीणा छेड़ी
शिव भोले मस्ती में आके ऐसी दृष्टि फेरी
देवी देवता अम्बर से करते हैं पुष्प बौछार
चले मेरे शिव भोले हो नंदी पे असवार
बिहाने गोरा को चले नंदी पे असवार
चले मेरे शिव भोले हो नंदी पे असवार

संधू तू भी सच्चे मन से शिव की महिमा गा ले
त्रिलोकी के नाथ भोले बाबा को आज रिझा ले
ऐसी करेंगे कृपा शिव हो जायेगा मालोमाल
चले मेरे शिव भोले हो नंदी पे असवार
बिहाने गोरा को चले नंदी पे असवार
चले मेरे शिव भोले हो नंदी पे असवार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a4-by-vicky-sandhu/